कार्यालय अपर पुलिस उपायुक्त, यातायात, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 12-09-2024

आज दिनांक 12.09.2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल की अध्यक्षता में जिलाधिकारी वाराणसी श्री एस. राजलिंगम के साथ शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम व सुचारू परिचालन के सम्बन्ध में कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में गोष्ठी की गई। गोष्ठी में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराये जाने के सम्बन्ध में पूर्व की बैठक के निर्धारित लक्ष्य के परिप्रेक्ष्य में हुई कार्यवाही की समीक्षा व नये लक्ष्य की कार्ययोजना के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया गया। उक्त गोष्ठी में अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस० चन्नप्पा, नगर आयुक्त श्री अक्षत वर्मा, वी.डी.ए. वी.सी. श्री पुलकित गर्ग, पुलिस उपायुक्त काशी जोन श्री गौरव वंशवाल, पुलिस उपायुक्त गोमती जोन श्री प्रमोद कुमार, पुलिस उपायुक्त वरूणा जोन श्री चन्द्रकान्त मीणा, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्री राजेश कुमार पाण्डेय, ए०डी०एम० सिटी श्री आलोक कुमार वर्मा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग श्री के.के. सिंह व अन्य विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे, बैठक में लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय व प्रस्ताव निम्न प्रकार है-

➤**सुगम यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान में आम जनमानस द्वारा दिये जा रहे सहयोग पर धन्यवाद- सीपी**

➤ **सीपी की अध्यक्षता में हुई समन्वय बैठक, पूर्व की बैठक में निर्धारित लक्ष्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर नये लक्ष्य तय किये गये।**

➤**फुलवरिया फ्लाई ओवर बनने के बाद मण्डुवाडीह चौराहा पर होने वाले यातायात के दबाव को कम आम जनमानस के सुगम यातायात उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मण्डुवाडीह चौराहे को अस्थायी बैरिकेटिंग कर यू-टर्न के द्वारा सिग्नल रहित यातायात संचालन की व्यवस्था की गयी थी, जिसका सकारात्मक प्रभाव दिखने के बाद मण्डुवाडीह चौराहे के आस-पास अतिक्रमण व ध्वस्तिकरण किया गया था, शेष बचे अतिक्रमण व मलबे को हटाने के सम्बन्ध में लो०नि०वि० को निर्देशित किया गया तथा अपर जिलाधिकारी को शीघ्र अतिक्रमण हटवाकर मण्डुवाडीह चौराहे का चौड़ीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे यू-टर्न करने में यातायात को असुविध न हो साथ ही साथ बी०एच०यू०. बी०एल०डब्लू० आदि क्षेत्रों में जाने वालों को सुगम यातायात उपलब्ध हो सके।**

➤**विगत गोष्ठी में लिये गये निर्णय के अनुरूप रोडवेज बस अड्डा के आगे एक लेन जर्सी बैरियर लगाकर यातायात पुलिस द्वारा आटो संचालन को सुनियोजित करने का प्रयास किया गया है, उक्त के सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोडवेज बस अड्डे से धर्मशाला तिराहा तक अतिक्रमण हटवाने, व मार्ग को चौड़ीकरण किये जाने के सम्बन्ध में शीघ्र**

कार्यवाही करने हेतु नगर आयुक्त, नगर निगम एवं अपर जिलाधिकारी नगर को निर्देशित किया गया।

➤कैण्ट रेलवे स्टेशन के पास रोडवेज बस अड्डा तथा उ0प्र0 परिवहन निगम के अनुबंधित बसों की संख्या ज्यादा होने व बस अड्डे के अन्दर जगह कम होने तथा रेलवे स्टेशन के सामने हो रहे जाम के संबंध में चर्चा हुई तथा इस संबंध में निर्णय लिया गया कि अपर नगर मजिस्ट्रेट/अपर पुलिस उपायुक्त यातायात एवं नगर निगम के अधिकारियों द्वारा रोडवेज बस अड्डे को स्थानान्तरित हेतु अन्यत्र जगह चिन्हित करने तथा वहाँ से शहर में जाने हेतु सिटी बस/फिडर बस चलाये जाने के संबंध में प्रस्ताव/कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे।

➤कमच्छा-नीमा माई रथयात्रा मार्ग का पूर्व में जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा निरीक्षण किया गया था आज गोष्ठी में यह प्रस्ताव रखा गया कि अपर नगर मजिस्ट्रेट/लो0नि0वि0 द्वारा यथाशीघ्र इस रोड के चौड़ीकरण हेतु भूमि की उपलब्धता को सुनिश्चित करते हुए एक प्रस्ताव अग्रीम गोष्ठी में रखेंगे जिसके उपरान्त डबल लेन बनाने की कार्यवाही को आगे बढाया जा सके।

➤गोष्ठी में वीडीए उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में बने पार्किंग स्थल को अन्य व्यवसायिक कार्यों मे उपयोग करने के संबंध में नोटिस देने के उपरान्त भी खाली न करने के संबंध में अपनी बात रखी गयी जिसके उपरान्त यह निर्णय लिया गया कि इस संबंध में वीडीए/पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही कर पार्किंग स्थल को खाली कराया जायेगा।

➤गोष्ठी में एडीसीपी ट्रैफिक द्वारा बताया गया कि इंटेलिजेन्ट ट्रैफिक मैनेजमेन्ट सिस्टम से जुड़े कुल 21 चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लगाये गये है, जिसमें 15 चौराहों पर के कैमरे क्रियाशील है तथा 06 चौराहों के कैमरे अक्रियाशील है। अक्रियाशील कैमरों को अविलम्ब सही कराकर सभी को टाईमरयुक्त करने की सहमति बनी तथा नगर निगम द्वारा यह कार्य जल्द कराने का आश्वाशन दिया गया।

मीडिया सेल
अपर पुलिस उपायुक्त,
यातायात, वाराणसी।